Daily COVID-19 Updates

Positive India

- **CoronaVirus UP Lockdown Day-17: CM योगी आदित्यनाथ ने दैनिक वेतन भोगी करीब पांच लाख लोगों के खाता में ट्रांसफर की धनराशि**

  कोरोना वायरस के संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में गरीब तथा मजदूरों के खाते में मदद की खातिर बड़ी धनराशि ट्रांसफर करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भी बड़ी मदद दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोर टीम के साथ बैठक के बाद दैनिक वेतन भोगी करीब पांच लाख लोगों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक-एक हजार की धनराशि ट्रांसफर की।

  मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग से नगर विकास विभाग द्वारा चिन्हित दैनिक कार्य करने वाले विभिन्न श्रेणी के 4,81,755 लाख श्रमिकों के भरण पोषण भत्ता के लिए 48,17,55,000 रुपए की धनराशि जारी किया। यह रकम स्ट्रीट वेंडर, ऑटो चालक, रिक्शा चालक, ई-रिक्शा चालक और मंडी में काम करने वाले पल्लेदारों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है।

  Source:https://www.jagran.com/politics/state-coronavirus-up-lockdown-day-17-cm-yogi-adityanath-extend-financial-help-to-whose-livelihood-has-been-affected-20179408.html?src=p1

- **महामारी से निपटने के लिए सार्क देशों ने बनाया कोविड-19 फंड**

  कोरोना वायरस की महामारी से निपटने के लिए साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रीजनल को-ऑपरेशन (SAARC) ने आपातकालीन फंड बनाने के घोषणा की है। पाकिस्तान द्वारा सार्क कोविड- 19 इमरजेंसी रिस्पांस फंड में 30 लाख अमरीकी डालर दान करने के बादे से पीछे हटता दिख रहा है। इसको लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि प्रत्येक राष्ट्र की गंभीरता का अंदाजा उनके व्यवहार से लगाया जा सकता है।

  Source: https://www.jagran.com/news/national-saarc-countries-set-up-covid19-fund-to-deal-with-coronavirus-epidemic-20179473.html?src=p1

- **PM Narendra Modi ने कार्यकर्ताओं से फोन पर कहा, बनारस का गमछा किसी मास्क से कम नहीं**

  'हैलो, मैं प्रधानमंत्री कार्यालय से बोल रहा हूं, प्रधानमंत्री जी आपसे बात करेंगे। वाराणसी में सुबह जब कुछ लोगों के फोन पर घंटी बजी और कहा गया कि प्रधानमंत्री कार्यालय से बोल रहे और पीएम मोदी बात करेंगे तो सभी कुछ पल के लिए संजीदा हो गए। प्रधानमंत्री भी इस बात को समझ रहे थे इसलिए मंत्री, पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक से जब बात की तो पहले उनका और उनके परिजनों का कुशलक्षेम पूछा और फिर काशी का हाल जाना।

  पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान जब प्रधानमंत्री को पता चला कि भारी संख्या में वे मास्क तैयार करा रहें तो उन्होंने कहा कि मास्क बनवाने में अपनी ऊर्जा न लगाएं। बनारस का गमछा किसी मास्क से कम नहीं। उत्तर प्रदेश में लोग तौलिया और गमछा कंधे पर डालकर चलते हैं। गमछा और तौलिया किसी मास्क से कम नहीं। लोगों की आदत डलवाएं कि वह गमछा-तौलिया मुंह पर लगाकर चलें। मास्क की इस समय सबसे अधिक आवश्यकता डाक्टर, सफाईकर्मियों, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को है।
  Source:https://www.jagran.com/uttar-pradesh/varanasi-city-prime-minister-narendra-modi-told-workers-on-phone-banaras-potch-is-nothing-less-than-a-mask-20178405.html?src=p1

- **Coronavirus से त्रस्त दुनिया इसलिए PM नरेंद्र मोदी को कह रही है 'थैंक यू'**

  पूरी दुनिया इस वक्त कोरोना वायरस की चपेट में है। भारत में भी 6,412 लोग कोरोना वायरस के लिए पॉजिटिव पाए जा चुके हैं जबकि 199 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे वक्त में जब सुपरपावर अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने अपने घुटने इस त्रासदी के सामने टेक दिए हैं, दुनियाभर में भारत की तारीफ हो रही है। इसके पीछे एक बड़ा कारण यह है कि खुद मुसीबत

में घिरने के बावजूद भारत दूसरे देशों की मदद के लिए आगे खड़ा है। कोरोना के इलाज के लिए अब तक की सबसे कारगर मानी गई दवा हाइड्रोक्लोरोक्वाइन हो या दूसरे सुरक्षा उपकरण, भारत हर संभव तरीके से मदद के हाथ आगे बढ़ा रहा है।

Source:https://navbharattimes.indiatimes.com/world/other-countries/world-thanking-india-and-pm-narendra-modi-for-providing-help-amid-coronavirus-pandemic/articleshow/75077187.cms

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के इकलौते ग्लोबल नेता जिसे व्हाइट हाउस ने किया फॉलो**

  व्हाइट हाउस ने अपने ट्विटर हैंडल पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फॉलो किया है। मोदी एकमात्र ऐसा नेता बन गए हैं, जिन्हे व्हाइट हाउस ने फॉलो किया है। कोरोना वायरस के विकराल रूप से जूझ रहे अमेरिका के लिए भारत ने जो मदद का हाथ बढ़ाया है, उसे इस वक्त यही याद आ रहा होगा। भारत ने अमेरिका को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन देना शुरू किया तो अब व्हाइट हाउस भी भारत का 'फॉलोवर' हो गया है।

  Source: https://www.jagran.com/politics/national-white-house-twitter-handle-follows-pm-narendra-modi-20179888.html?src=p1

कोरोना से जंग में जिस भीलवाड़ा मॉडल की हो रही चर्चा, उसके पीछे जाने कौन हैं IAS अधिकारी राजेंद्र भट्ट

कोरोना वायरस का कहर पूरे देश में फैला हुआ है। देश के अलग-अलग राज्यों में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है और सरकारें इसे कंट्रोल में करने के लिए हरसंभव कोशिशें कर रही हैं। इस बीच कोरोना वायरस के प्रकोप पर काबू पाने को लेकर 'भीलवाड़ा मॉडल' पूरे देश में चर्चा में है। दरअसल, खतरनाक कोरोना वायरस से लड़ने के लिए राजस्थान के इस जिले ने जिस योजनाबद्ध तरीके से काम किया है, इसी वजह से

'भीलवाड़ा मॉडल' की अब चारों ओर चर्चा हो रही है। कोरोना के खिलाफ जंग में अगर भीलवाड़ा मुस्तैदी से डटा रहा तो उसका पूरा क्रेडिट उस जिले के डीएम राजेंद्र भट्ट को जाता है।

Source:https://www.livehindustan.com/national/story-corona-lockdown-ias-officer-rajendra-bhatt-is-the-brain-behind-bhilwara-model-of-fighting-covid19-3140087.html

- **सफर में यात्रियों को कोरोना से बचाने के लिए रेलवे ने बनाया मास्टरप्लान, जानें क्या-क्या होगा**
  रेलवे बोर्ड ने ट्रेन परिचालन के दौरान लाखों रेल यात्रियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए कार्य योजना बना ली है। इसके तहत ट्रेन को प्रत्येक फेरे के बाद साबुन अथवा सैनेटाइजर स्प्रे से कीटाणु मुक्त किया जाएगा। प्रत्येक स्टॉप पर टॉयलेट की अच्छे से सफाई की जाएगी। सफर के दौरान हर दो घंटे में कोच और टायलेट के दरवाजे के हैंडल, रेलिंग, खिड़कियां आदि को सेनेटाइजर स्प्रे से साफ किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि भारतीय रेलवे 15 अप्रैल से कुछ ट्रेनों का परिचालन कर सकता है।
  Source : https://www.livehindustan.com/national/story-indian-railway-is-ready-to-save-passengers-from-coronavirus-in-journey-know-what-is-the-plan-3140057.html

- **Walkthrough booth for COVID-19 testing in Punjab**
  TAKING a cue from Wuhan's walkthrough testing facility, Sangrur has become a first district in Punjab to start this facility. The testing pod of the size of a mobile booth has been placed in the civil hospital as of now. More such potable booths will be put up at different parts of the district to speed up testing, revealed DC Ghanshyam Thori.
  Source: https://indianexpress.com/article/india/walkthrough-booth-for-covid-19-testing-in-punjab-coronavirus-6355765/

- **Double testing samples, new target 2.5 lakh by April 14: Centre to states**

The Centre has asked all states and Union Territories to ramp up the number of samples collected across the country for testing to at least 2.5 lakh by April 14 — when the 21-day national lockdown period ends.

Speaking to The Indian Express, Haryana Additional Chief Secretary (Health) Rajeev Arora said the target was conveyed by the Union Health Ministry in a video-conference with Health Secretaries of all states and UTs Wednesday. "We were told that 1 lakh samples have been collected in India till date, and by April 14 we have to take it up to 2.5 lakh samples," he said.
Source:https://indianexpress.com/article/india/double-coronavirus-testing-april-14-2-5-lakh-centre-states-6355684/

- **Coronavirus lockdown: FCI asked to give subsidised rice, wheat**

  With THE lockdown likely to be extended, the government Thursday asked the Food Corporation of India (FCI) to provide wheat at Rs 21 per kg and rice at Rs 22 per kg to the states for all beneficiaries not covered under National Food Security Act (NFSA), to whom ration cards have been issued by state governments under their schemes.
  Source:https://indianexpress.com/article/india/coronavirus-india-lockdown-fci-asked-to-give-subsidised-rice-wheat-6355560/

- **ADB assures $2.2 billion support package to India for coronavirus response**
  Asian Development Bank President Masatsugu Asakawa assured FM Nirmala Sitharaman of USD 2.2 billion (about Rs 16,500 crore) support to India in its fight against the COVID-19 pandemic. Asakawa commended the Indian government's decisive response to the pandemic, including Rs 1.7 lakh crore economic relief package announced to provide consumption support to the poor, women, and workers affected.
  Source:https://indianexpress.com/article/business/economy/adb-assures-usd-2-2-billion-support-package-to-india-for-coronavirus-covid-19-response-6356161/

India Fights Corona (Updates)

- हम दूसरे देशों के साथ मिलकर COVID19 की वैक्सीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जब तक वैक्सीन उपलब्ध होगी तब तक सोशल डिस्टेंसिंग और लॉकडाउन देश के लिए सबसे बड़ी सोशल वैक्सीन है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन

- COVID19 के कारण रक्तदान में कमी आई है, हमने निर्णय लिया है कि रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए जहां-जहां संभव हो रक्तदान करने वालों से ब्लड हम उनके घर पर लें या उनको घर से सुविधा प्रदान करके उनको बुलाकर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन

- अभी तक 503 लोग ठीक हो चुके हैं, कल से आज तक 678 नए मामले सामने आए हैं, देशभर में कुल मामले 6412 हो चुके हैं। अभी तक 199 मौत हुई हैं जिसमें से 33 मौत पिछले एक दिन में हुई हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल

- हमारी घरेलू आवश्यकता 1 करोड़ हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वाइन गोलियों की है, जबकि हमारे पास 3.28 करोड़ हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वाइन टैबलेट अभी उपलब्ध हैं: लव अग्रवाल, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय

- कल गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा अधिकारियों के साथ भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की।उन्होंने आदेश दिया कि बॉर्डर पर सतर्कताऔर भी बढ़ा दी जाए खासकर उन क्षेत्रों में जहां फेंसिंग नहीं है, कोई भी क्रॉस बॉर्डर मूवमेंट नहीं होने दिया जाए है:MHA

- दिल्ली:आज़ादपुर मंडी में फुल बॉडी सैनिटाइज मशीन की शुरूआत की गई। गोपाल राय ने कहा,'एहतियात के तौर पर आज़ादपुर मंडी के दोनों गेट में फुल बॉडी सैनिटाइज टनल की व्यवस्था की गई है जिसमें सोडियम हाई ड्रोक्लोराइड का उपयोग किया गया है।इसे IT दिल्ली के तरफ से विकसित किया गया है'.

- एक मशीन की कीमत लगभग 1.5 लाख रुपए है, एक दो दिन के निगरानी के बाद इसे पूरे मंडियों में लगाया जाएगा। इसका 1000 का टैंक है जिसमें 100 लीटर में 5 लीटर सोडियम हाई ड्रोक्लोराइड मिक्स किया जा रहा है जिसके मध्यम से सैनिटाइज किया जा रहा है: कैबिनेट मंत्री गोपाल राय

- नागालैंड में अब तक कोई COVID19 पॉजिटिव केस सामने नहीं आया है। 69 में से 65 नमूनों के टेस्ट के नतीजे नेगेटिव आए हैं। अभी 4 नमूनों का

परिणाम प्रतीक्षित है। 23 व्यक्ति क्वारंटाइन सुविधाओं में हैं और 658 होम क्वारंटाइन में हैं।

- बिहार में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 17 और मामले सामने आए हैं, इसके बाद राज्य में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। सिवान जिले में कोरोना के 29 मामले हैं, ये बिहार के एक जिले में सबसे ज्यादा मामले हैं: बिहार स्वास्थ्य विभाग

- जम्मू-कश्मीर: कोरोना वायरस के खतरे के बीच पुलिस अपनी ड्यूटी तो निभा ही रही है इसी के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 3000से ज्यादा मास्क भी तैयार किए हैं और पुंछ जिले में पुलिस कर्मियों को अब तक 2000से ज्यादा मास्क बांटे जा चुके हैं।ये मास्क पुंछ के पुलिस वेल्फेयर सेंटर में बनाए गए हैं.

- पिछले 24 घंटों में हमने 978 नमूनों का परीक्षण किया है, जिनमें से 67 लोग COVID19 से संक्रमित पाए गए हैं। अब राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 308 हो गई है इसमें से 258 एक्टिव केस हैं और इनमें से 2 वेंटिलेटर पर है: जयंती रवि, प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य), गुजरात

- लखनऊ: COVID19 से देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण को देखते हुए लखनऊ के संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था नवीन अरोड़ा ने धारा144 के तहत 30अप्रैल तक लखनऊ में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक,खेल संबंधी,व्यापारिक प्रदर्शनी,रैली और ऐसे अन्य सभी कार्यक्रमों को प्रतिबंधित किया।

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेखों के मुख्य बिंदु

भारत मानव-प्रकृति संबंधों का ऐसा उदाहरण पेश कर सकता है, जिसकी आवश्यकता आज सारे विश्व को है

आज मानव के समक्ष एक ऐसा संकट उपस्थित हुआ है, जिसकी वैज्ञानिकों को न तो कोई आशंका थी, न ही उससे निपटाने की कोई तैयारी। यह संकट है कोरोना वायरस के संक्रमण से तेजी से फैल रही कोविड-19 नामक महामारी का। आज तो केवल यही कहा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर किए जा रहे मानवीय प्रयास शीघ्र ही सफल होंगे और कोविड-19 का उन्मूलन उसी तरह संभव होगा जैसे प्लेग, टीबी, चेचक इत्यादि का हुआ। आज मनुष्य के इस अहंकार को गहरा धक्का लगा है कि उसने प्रकृति के रहस्यों को समझने और उस पर नियंत्रण करने की क्षमता प्राप्त कर ली है। कोरोना ने मनुष्य के ज्ञान और समझ की अपूर्णता और सीमाओं को सामने ला दिया है।

ज्ञान, बुद्धि और विवेक मनुष्य को पीढ़ियों की असीमित और सतत साधना के द्वारा ही प्राप्त होते हैं। इनकी ऐसी कोई सीमा नहीं जहां पर पहुंचकर कहा जा सके कि वही सीमांत है। जब तक मानव सभ्यता पृथ्वी पर विद्यमान है, उसका विकास जारी रहेगा, उसके लिए मानव के प्रकृति के रहस्यों को समझने के प्रयास भी जारी रहेंगे। हालांकि प्राचीन काल में भारत के ऋषियों और साधकों ने इन प्रयासों को नियमबद्ध किया था। उन्होंने इस पर जोर दिया था कि हर नए ज्ञान और कौशल का उपयोग केवल जनहित में हो। प्रकृति के प्रति सम्मान और आदरभाव रखते हुए ही मनुष्य उसके संसाधनों का उपयोग करे। इसी दर्शन को महात्मा गांधी ने कुछ इस तरह कहा था कि भारत अपने मूलरूप में कर्मभूमि है, भोगभूमि नहीं।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-india-can-provide-such-an-example-of-human-nature-relationship-jagran-special-20179274.html

Modi की 'संजीवनी बूटी' और दम तोड़ते झूठ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप (US President Donald Trump) के संवाददाता सम्मलेन के एक आधे-अधूरे वीडियो के आधार पर मोदी-विरोधी खेमे द्वारा फैलाया जा रहा झूठ आधा दिन भी नहीं टिक सका. ट्रंप और वहां के पत्रकार के बीच हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (Hydroxychloroquine) दवा के निर्यात संबंधी एक सवाल-जवाब में आई बातचीत को सलीके से तोड़-मरोड़ कर भारत में मोदी (PM Modi) से इर्ष्या रखने वाला खेमा 'ट्रंप की मोदी को धमकी' के रूप में बताने की जल्दीबाजी कर बैठा. यह खेमा ऐसी चूक व जल्दीबाजी दिखाने का अभ्यस्त है. पहला झूठ तो यह बोला गया कि ट्रंप ने भारत को धमकी के लहजे में 'बयान' दिया है. जबकि यह 'बयान' नहीं बल्कि मीडिया (Media) से सवाल-जवाब के क्रम में एक विषय केंद्रित सवाल का ट्रंप द्वारा दिया 'जवाब' था. कम से कम ऐसे लोगों को 'बयान' और 'जवाब' का अर्थ ठीक से पता होना चाहिए.

दूसरा झूठ जो भारत में बोला गया, वह यह था कि ट्रंप ने भारत को धमकी दी है. सोमवार शाम हुए उसी संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी से बात की है और उनकी बातचीत बहुत अच्छी रही. उन्हें पता है कि भारत ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात पर रोक लगाई है, लेकिन यह दूसरे देशों के लिए है.

Source:https://www.ichowk.in/politics/anti-modi-brigade-mislead-india-us-president-donald-trump-relationship-over-hydroxychloroquine-issue/story/1/17309.html

COVID-19 Updates (Worldwide)

- Bangladesh: 6 more deaths, 94 new cases of Corona reported on Friday. Total death toll now 27, infected persons 424, says IEDCR. This is the highest death toll in a day in Bangladesh.

- COVID19 Pandemic poses threat to international peace and security: Antonio Guterres

- Nearly 200 Indian-American organizations praise people of India for showing fortitude and discipline in their fight against Corona Virus Pandemic that has claimed over 95,000 lives across the world.

- Asian Development Bank assures India of $2.2 billion support to fight against the COVID19 Pandemic.

- Responding to Israeli PM Benjamin Netanyahu, who thanked India for delivering Hydroxychloroquine to his country, PM Modi says the two nations have to jointly fight this pandemic.

- India says it is for each Member State of South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) to decide on the timing, manner and implementation of their SAARC COVID19 Emergency Response Fund commitments.

- French pharmaceutical giant Sanofi says it will offer 100 million doses of hydroxychloroquine, a treatment for rheumatoid arthritis and lupus, to governments worldwide if studies show it can safely to be used to treat COVID-19 patients : AFP

- Spain records its lowest daily death toll from coronavirus in 17 days, with 605 deaths, the government says :AFP

- Belgium's death toll from the novel #coronavirus pandemic has topped 3,000, officials said Friday, after the country recorded 496 more deaths in the past 24 hours: AFP

RSS Swayamsevaks distributing essentials to the needy people during 'Lockdown'

CORONA WARRIORS

FACT CHECK

Help us to help you
#MyGovFactCheck
my GOV
मेरी सरकार
कोरोना लॉकडाउन के बाद ट्रेन में सफर करने पर छूटेंगे पसीने, जानें इंडियन रेलवे के ये 15 अहम बदलाव
April 9, 2020 at 8:12 AM
अगर आप कोरोना लॉकडाउन के बा
करने की सोच रहे हैं तो रेलवे की इन
अपने ध्यान में जरूर रखें। हालांकि, य
तय नहीं है कि 15 अप्रैल के बाद देश
रहेगा या नहीं, मगर रेल मंत्रालय ने 15
संभावित ट्रेन परिचालन के मद्देनजर कोरोना वायरस संबंधी प्रोटोकॉल तैयार कर लिए हैं। इस दौरान यात्रियों के न सिर्फ पसीने छूटेंगे, बल्कि ट्रेन खुलने से करीब 4 घंटे पहले स्टेशन पहुंचना होगा।
FAKE NEWS
Ministry of Railways
@RailMinIndia
Ministry of Railways has not issued any protocol regarding passenger travel during post lockdown period, as has been incorrectly reported in some media reports
As and when a decision is taken, all stakeholders would be intimated. Please do not be guided by any misleading report
1:11 PM · Apr 9, 2020 · Twitter for iPhone
#MyGovFactCheck
News regarding protocol being issued by Railways Ministry regarding passenger travel for post - lockdown period is #FAKE
#IndiaFightsCorona

Prepared by:
Adarsh Tiwari
Abhay Singh
Manujam Pandey